हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर 2025

11 नप की बैठक में प्रॉपर्टी आईडी के मुद्दे पर हंगामा



12 जनता के कष्ट का निवारण न होने पर डीसी को आया गुस्सा







जिराफ़ की जीभ इतनी लंबी होती है कि इससे वे अपने कान साफ कर सकते हैं।


एक नवजात कंगारू केवल मूंगफली के आकार का होता है।

# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ


# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

डॉ मोहित बंसल
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)



बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।

## न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित



## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

1. **न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं**
   - जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
   - लेखा परीक्षा अधिकारी
   - स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद
2. **बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लर्कियल/ऑफिसर पद
3. **रक्षा और अनुसंधान संगठन**
   - जुडिशियल काउंसल
   - क्लाइंट एडवाइज़र
4. **शिक्षा और विश्वविद्यालय**
   - कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
   - असिस्टेंट प्रोफेसर
   - रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

## यहां स्कोप

1. **कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी**
   - लीगल एडवोकेट
   - क्लाइंट काउंसलर
   - क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर
2. **कॉर्पोरेट सेक्टर**
   - कंपनी सेक्रेटरी
   - कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
   - कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
   - कम्प्लायंस ऑफिसर
3. **बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
   - कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल
4. **स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स**
   - लीगल कंसल्टेंट
   - प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
   - कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार

विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स

- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

**ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।**

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबकः** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।
**छात्रों के लिए प्रेरणाः** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

**सामुदायिक एकता और भाईचारा**

**सबकः** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणाः** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।
**संकल्पः** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

**विनम्रता और कृतज्ञता**

**सबकः** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।
**छात्रों के लिए प्रेरणाः** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।
**संकल्पः** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबकः** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।
**छात्रों के लिए प्रेरणाः** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।
**संकल्पः** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

**क्षमा और नई शुरुआत**

**सबकः** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।
**छात्रों के लिए प्रेरणाः** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
**संकल्पः** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

**प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी**

**सबकः** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणाः** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।
**संकल्पः** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क साप्ताहिक संकीर्तन आज

**नारनौल।** श्रीश्याम महायज्ञ आयोजन समिति के तत्वाधान में एक नवंबर शनिवार को निशुल्क साप्ताहिक संकीर्तन रात्रि 8:15 बजे से प्रभु इच्छा तक अमृतधारा कॉलोनी आदर्श नगर मे आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के प्रेस सचिव डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य यजमान एसएस कुंडू सपरिवार होंगे। जिसमें श्याम बाबा का दरबार रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा।

### मॉडर्न स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक नवम्बर से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। जिसमें विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि 1 नवम्बर से स्कूल प्रांगण में 24वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रतियोगिताओं के दौरान लड़कों व लड़कियों की अलग-अलग प्रतियोगिता के साथ-साथ अध्यापकों की 200 मीटर रेस, रस्साकस्शी, वॉलीवाल के अलावा अध्यापिकाओं रस्साकस्शी, म्यूजिकल चेयररेस मुख्य आकर्षक का केंद्र रहेंगी। छात्रों को बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### नप की बैठक में प्रॉपर्टी आईडी के मुद्दे पर हंगामा, अधिकारियों को घेरा

# टारगेट का 1% ही मिला हाउस टैक्स, पार्षद बोले- पहले प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाओ

प्रॉपर्टी 400 गज है और आईडी में 1000 गज दिखा रही है। अब उस पर डेवलपमेंट चार्ज लगाकर भेज दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद की शुक्रवार दोपहर सामान्य बैठक हंगामेदार रही। इसमें 11 एजेंडों पर चर्चा होनी थी। वार्षिक बजट पर ईओ सुनील कुमार ने बोलते हुए बताया कि टारगेट का महज एक फीसदी ही हाउस टैक्स जमा हुआ है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई और पार्षदों का सहयोग मांगा। इस बात पर सभी पार्षद एकजुट हो गए और हंगामा शुरू हो गया। पार्षदों ने प्रॉपर्टी आईडी में बड़ी गलतियों का मामला जोर शोर से उठाया। पार्षदों ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रॉपर्टी मौके पर 400 गज है और आईडी में 1000 गज दिखा रही है। अब 1000 गज के हिसाब से ही हाउस टैक्स में डेवलपमेंट चार्ज लगाकर भेज दिया और वह एक लाख हो गया। यह रकम कैसे दें। कई जगह मकान मालिक का नाम ही बदल रखा है। उसे ठीक करवाने यहां जनता आती है तो हताश होकर वापस लौट जाती है, लेकिन प्रॉपर्टी आईडी ठीक नहीं होती। जब तक प्रॉपर्टी आईडी ठीक नहीं होती लोग भारी भरकम हाउस टैक्स कैसे भरें। उपप्रधान संजय यादव ने खुद का ही उदाहरण दिया। उनका कहना था कि प्रॉपर्टी कम है और दिखा ज्यादा रखी है। वह खुद छह माह से नप अधिकारियों से कई बार कह चुके हैं, जब उनकी ही प्रॉपर्टी आईडी ठीक नहीं हो रही तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर के आमजन कितने हताश व परेशान हैं।



नारनौल। बैठक में हंगामा करते पार्षद। फोटो: हरिभूमि

#### पार्षद भड़के

इसी बीच पार्षद मोहनलाल शर्मा व कपिल यादव ने महेंद्रगढ़ रोड पर एक प्रॉपर्टी का उदाहरण देते हुए पूछा तो ईओ ने कहा कि यह प्रॉपर्टी आईडी ठीक नहीं हो सकती। यह सुनते ही पार्षदों में उफान आ गया और एकमत होकर विरोध किया कि ऐसा कभी होता है कि किसी समस्या का समाधान नहीं है। अगर आपके लेवल की बात नहीं है तो उच्च अधिकारियों से रायशुमारी करो। यह मत कहें कि आईडी ठीक नहीं होगी। हर काम संभव है अगर मंशा काम करने की हो। हंगामा बढ़ता देख ईओ ने शब्द वापस लिए और कहा कि इस मामले में उच्च अधिकारियों से बातचीत की जाएगी और समाधान करवाया जाएगा।

#### अवैध कॉलोनियों का मुद्दा भी छाया

नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव ने शहर में अवैध कॉलोनियों के मुद्दे के बारे में भी ध्यान दिलाया। इसका अन्य पार्षदों ने भी समर्थन किया। पार्षदों का कहना था कि शहर में एक गली के मकान तो वैध हैं, जबकि उसी गली के दूसरी ओर के मकान अवैध हैं। ऐसे में क्या सही है, क्या गलत। इस बारे में किसी को पता नहीं। पार्षद अमर सिंह ने खुद की ओर से खरीदे गए प्लॉट का उदाहरण देते हुए ईओ को मामले का स्थाई समाधान करने को कहा।

#### साफ-सफाई का उठा मुद्दा

बैठक में साफ-सफाई एवं सड़क निर्माण का मुद्दा भी उठा। वार्ड 15 के पार्षद देवेंद्र ने बताया कि उसके वार्ड में सड़क का निर्माण रुका हुआ है। उसमें पार्षद की क्या गलती, जबकि लोग पार्षद को दोष दे रहे हैं। इससे पार्षदों की बदनामी होती है। वहीं साफ-सफाई भी सही ठंग से नहीं हो रही।

#### अब और नहीं है पैसा

ईओ ने एक्सईएन के हवाले से बताया कि नगर परिषद के करीब 33 करोड़ के विकास कार्य शहर के अलग अलग हिस्सा में चल रहे हैं। कुछ हो गए और कुछ अभी होंगे। लेकिन अब और बजट नहीं है। सरकार से बजट की डिमांड की जाए ताकि और विकास कार्यों पर ध्यान दिया जा सके।

#### एससी वार्ड में स्पेशल ग्रांट की अधिकारी नहीं दे पाए जानकारी

नगर परिषद में इस समय पांच वार्ड एससी श्रेणी में आरक्षित किए गए हैं। इनमें वार्ड नंबर तीन से अतर सिंह, वार्ड नौ से रितू खरेरा, वार्ड 15 से देवेंद्र कुमार, वार्ड 19 से रजनी देवी और वार्ड नंबर 22 से अमरसिंह पार्षद हैं। इन सभी ने लामबंद होकर अधिकारियों से पूछा कि एससी वार्ड में स्पेशल ग्रांट अब तक किस साल कितनी आई है और किस वार्ड में कितनी खर्च हुई। यह जानकारी फिलहाल मौके पर अधिकारियों से देने से इनकार कर दिया और दो दिन के समय में उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

#### वार्डवाइज लिस्ट बनवाकर आईडी करवाएंगे ठीक: चेयरपर्सन

सभी पार्षदों की बात सुनने और चेयरपर्सन कमलेश सैनी की भी राय पार्षदों के साथ होने पर ईओ ने आश्वास दिया कि वार्ड वाइज लिस्ट बनाकर दें। टीम जाएगी और फिजिकल वेरिफिकेशन करेगी। इसके बाद उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करवाकर समाधान करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दिलाई राष्ट्र एकता की शपथ



**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुरा में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर आयोजन किया गया। डॉ. हंसराज गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सभी छात्रों को एकता दिवस की शपथ दिलाई गई एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा, द्वितीय स्थान चंचल व तृतीय स्थान शिवानी, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान दयानंद व गौरव, तृतीय स्थान पूनम, कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान शिवानी, तृतीय स्थान रेनू ने प्राप्त किया। मंच संचालन राजकुमार निंबल ने किया। सुरेश कुमार ने बताया कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का एकीकरण किया। जूनागढ़ हैदराबाद जैसी रियासतों को भी भारत में मिलाया। खेड़ा और बारडोली किसान आंदोलन का भी सफल नेतृत्व किया। दयाराम गुर्जर डीपीई ने एक कविता एवं गीत के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

### शिविर में 17 यूनिट रक्त एकत्रित



**नारनौल।** किशनलाल शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के संस्थापक पवन कुमार यादव समाजसेवी ने नांगल सोडा धाम पर स्वर्गीय पवन पुजारी की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 17 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक संजय सैनी ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया। राकेश यादव ने बताया कि हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से जरूरतमंद के जीवन की रक्षा कर सकते हैं।

### बाबा खेतनाथ कॉलेज ने प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक नारनौल ने हिसार में आयोजित दो दिवसीय इंटर पॉलिटेक्निक बास्केटबॉल टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक हासिल कर अपना परचम लहराया। इस सत्र की पहली यह प्रतियोगिता थी, जिसमें नारनौल पॉलिटेक्निक की टीम ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का परिचय दिया। टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में डांबला पॉलिटेक्निक को 48-38 के अंतर से पराजित कर यह सफलता प्राप्त की। संस्थान की टीम ने पिछले सत्र में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक (दो स्वर्ण और एक रजत और एक कांस्य) जीते थे। बैडमिंटन और वॉलीबॉल में स्वर्ण पदक, जबकि खो- खो में रजत और फुटबॉल में कांस्य पदक प्राप्त किए थे। इसी उत्कृष्ट परंपरा को जारी रखते हुए इस बार सत्र की शुरुआत भी पदक के साथ की गई है। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक हिसार की टीम विजेता रही, जबकि छोटू राम पॉलिटेक्निक, रोहतक की टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव तथा प्रवीण कुमार टीम के साथ रहे।

### आंवला नवमी पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में आंवला नवमी पर्व बड़ी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आंवले के वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा कथा श्रवण और भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में महिलाओं का आना-जाना लगा रहा। सभी ने पारंपरिक रीति के अनुसार आंवले के वृक्ष को दूध से स्नान कराया, कच्चा धागा (मौली) बांधा, कपूर और शुद्ध घी के दीपक जलाकर मंगल गीतों एवं आरती के साथ पूजा की। महिलाओं ने वृक्ष की 108 बार परिक्रमा की और भगवान विष्णु से परिवार के सुख-समृद्धि, सौभाग्य एवं आरोग्य की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय नवमी (आंवला नवमी) के दिन भगवान विष्णु और भगवान शिव का निवास आंवले के वृक्ष में माना जाता है। इस दिन वृक्ष की पूजा-अर्चना करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी कष्टों का निवारण होता है। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण भी किया गया। मंदिर प्रभारी शंकर ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आंवला नवमी के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंवला वृक्ष न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्वास्थ्यवर्धक और पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

## दूसरी सिजेरियन डिलीवरी से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक उपलब्धि: आरती सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

हरियाणा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दूसरी बार सफलतापूर्वक सिजेरियन डिलीवरी सी सेक्शन की गई। यह उपलब्धि न केवल सीएचसी के लिए बल्कि पूरे जिले के ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे के लिए गर्व का विषय है। गांव गुजरवास निवासी आरती ने एफआरयू अटेली में ऑपरेशन के माध्यम से स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। इस सफल सर्जरी को अंजाम देने वाली चिकित्सा टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजू, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका जांगिड़, महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशी भाटिया तथा एफआरयू का पूरा पैरामेडिकल स्टाफ शामिल रहा। एफआरयू प्रभारी डॉ. विजय कुमार यादव ने इस टीम के समन्वय में अहम भूमिका निभाई। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस उपलब्धि पर चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को सुरक्षित प्रसव सुविधाएं उनके ही क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाएं।



मंडी अटेली। सिजेरियन आपरेशन के बाद स्टाफ नर्स। फोटो: हरिभूमि

## अवैध हथियार व कारतूसों के साथ दो आरोपी पकड़े

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने थाना सदर क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित प्रवेश वासी आकोदा को 15 अवैध जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ उसने बताया कि वह सचिन वासी पाली के पास से अवैध कारतूस लेकर आया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए सचिन वासी पाली को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने नरेंद्र वासी जड़वा को अवैध हथियार दिया हुआ है। जिसपर टीम ने नरेंद्र वासी जड़वा को पकड़ा और उसके घर से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया। आरोपितों को शुक्रवार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपित सचिन को पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## यदुवंशी स्कूल में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में बढ़ चढ़कर भाग लिया




महेंद्रगढ़। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लेते यदुवंशी के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने भाग लेकर अपने विज्ञान ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रश्न विज्ञान विषयों जैसे भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान तथा सामान्य विज्ञान से पूछे गए। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशक्ति और जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और तार्किक सोच विकसित करती हैं। विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि यह सोचने और समझने का तरीका है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है, और यदुवंशी के छात्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सचिन स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**महेंद्रगढ़।** शहर के मोहल्ला महायचान निवासी सचिन महायच को जिला स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में जिले में खेलों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सचिन महायच ने कहा कि राज्य सरकार के साथ मिलकर वे जिले के युवाओं को खेलों से जोड़ने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। जिले में बॉक्सिंग खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## विद्यार्थियों को सिख गुरुओं की महता से कराया अवगत

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर की 350वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. हवासिंह व डॉ. नरेश यादव रहे। डॉ. हवा सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर ने राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देकर हमें यह निर्देश दिया है की बड़ी से बड़ी विपत्ति आने पर भी व्यक्ति को अपने ईमान से विचलित नहीं होना चाहिए और राष्ट्र रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। ऐसे गुरुओं से आप प्रेरणा लेकर आज राष्ट्र निर्माण कर सकते हैं। नरेश यादव ने भी विस्तार से सिख गुरुओं की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए गुरु ग्रंथ साहिब का महत्व बताया और गुरु तेग बहादुर और उसके पूर्वज और उससे पहले के गुरु गुरु नानक देव और बाद में गुरु गोविंद सिंह तक के इतिहास की विस्तार से व्याख्या की।

## सरदार पटेल की जयंती पर महाविद्यालय में जागरूकता रैली




**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर शहर में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के प्रति एकता, अखंडता, समर्पण और सद्भाव को बढ़ावा देना था। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। रैली के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों बल्कि आम जनता को भी सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किए गए कार्यों और उनके योगदान के प्रति जागरूक किया गया, ताकि उनके द्वारा अखंड भारत के लिए किए गए प्रयासों को आत्मसात किया जा सके और भविष्य के भारत के निर्माण में सभी का सक्रिय योगदान सुनिश्चित हो। महाविद्यालय जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर महाविद्यालय द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## आरपीएस डिग्री कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग के तहत मॉक इंटरव्यू

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के पीजी विभाग के तत्वावधान में करियर काउंसलिंग एवं मॉक इंटरव्यू सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना तथा इंटरव्यू की तैयारी के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में एमएससी के सभी विभाग रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित बॉटनी जूलॉजी तथा जियोग्राफी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल तथा बायोडाटा निर्माण के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सत्र के दौरान सभी विद्यार्थियों का बारी-बारी से इंटरव्यू लिया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने उनकी कमियों और झिझक को पहचानते हुए उन्हें दूर करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वे अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को किस प्रकार सुधार सकते हैं और एमएससी के बाद एक अच्छी नौकरी प्राप्त करने के लिए किन पहलुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

■ रोजगार के प्रति जागरूक करना तथा इंटरव्यू की व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया



महेंद्रगढ़। प्रतिभागियों के इंटरव्यू लेते हुए

## पीजी कॉलेज में हरियाणा दिवस पर आज सांस्कृतिक धमाल

**नारनौल।** हरियाणा दिवस पर एक नवंबर को पीजी कॉलेज में एकदिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। नगराधीश डॉ मंगलसेन ने पीजी कॉलेज सभागार में इन्हीं तैयारीयों का जायजा लिया। सीटीएम ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत इवेंट होंगे। इसमें जिला के कलाकारों को भाग लेने का मौका मिलेगा। सीटीएम ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला प्रशासन तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणवी लोकनृत्य (समूह) में प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः 35 हजार, 25 हजार तथा 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। हरियाणवी लोकनृत्य (एकल) में क्रमशः 7500, 5100 तथा 4100 का पुरस्कार दिया जाएगा। हरियाणवी लोकगीत/रागनी (समूह) में प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः 35 हजार, 25 हजार तथा 15 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। हरियाणवी लोकगीत/रागनी (एकल) में पुरस्कार के तौर पर प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः 7500, 5100 तथा 4100 का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार स्लोगन लेखन में तथा पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग में भी क्रमशः प्रथम तीन स्थान पर आने वाले को 7500, 5100 तथा 4100 का पुरस्कार दिया जाएगा।

■ गराधीश डॉ मंगलसेन ने तैयारीयों का जायजा लिया

### पोषण माह के अंतर्गत पेंटिग व रंगोली प्रतियोगिता



**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता के निर्देशानुसार वार्ड नंबर आठ में पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अलका ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में खंड से विभिन्न गांव से आई महिलाओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग व रेसिपी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र से पूनम ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए चीनी तेल व नमक को सीमित मात्रा में प्रयोग में करना चाहिए। महिलाओं को मोटे अनाज व हरी पत्तेदार सब्जियो के प्रति प्रोत्साहित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि विभाग द्वारा 0 से 6 वर्ष के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार खाना चाहिए।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित




**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी में प्रवक्ता हनुमान सिंह की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए बताया कि अध्यापक समाज के निर्माण की आधारशिला है और उनके मजबूत कंधों पर समाज और राष्ट्र के भविष्य का दायित्व टिका है। प्राचार्य दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि सरपंच देवी सिंह चौहान, कवि गीतकार डॉ. सीएस वर्मा प्रभाकर, एडवोकेट बनवारी लाल और प्राचार्य सुनिल कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसका संचालन बिशन शर्मा ने किया। मुकेश कुमार ने हनुमान सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा और शिक्षण को समर्पित किया है और उनके अनुभव और ज्ञान ने अनेक छात्रों का मार्गदर्शन किया है। इस मौके पर प्रवक्ता गौतम यादव, डॉ. कुलदीप, अशोक पटीकरा, सुंदरलाल सुबोध, डॉ. अश्वनी, सुभाष सोनी और ताराचंद ने हनुमान सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा विभाग में उनके योगदान की सराहना की।

## सिंघानिया विश्वविद्यालय के साथ 5 संस्थाओं का हुआ समझौता



**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग जगत के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए चार प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग आधारित शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना है। विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में विभिन्न संस्थाओं के साथ सहयोग किया गया है। स्टार्टअप और नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देना है। बीएमयू फाउंडेशन के साथ समझौते से छात्रों को इनक्यूबेशन सपोर्ट, मेंटरशिप, उद्योग संपर्क और परियोजना फंडिंग जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी।

### कार्रवाई | मौके पर उठवाया कूड़ा और दी सख्त चेतावनी

# डीएमसी ने सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए नागरिक को रंगे हाथ पकड़ा, वापस उठवाकर स्कूटी में रखवाया

भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति कूड़ा डालते पाया तो कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने सुबह 6:30 बजे के आस-पास शहर में निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान डीएमसी ने नागरिक अस्पताल के नजदीक सड़क पर एक स्कूटी चालक को कूड़ा फेंकते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। कूड़ा फेंकने के बाद जैसे ही वह नागरिक मौके से जाने लगा, डीएमसी रणवीर सिंह ने उन्हें रोका। डीएमसी ने सख्ती दिखाते हुए उस नागरिक से सड़क पर फेंका गया सारा कूड़ा वापस उठवाया और उनकी स्कूटी में रखवाया। डीएमसी ने उन्हें कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में यदि वह या कोई अन्य व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों, खाली प्लाटों या सड़कों पर कूड़ा फेंकते हुए पाया गया तो उनके खिलाफ नगर परिषद और नगर पालिका द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएमसी रणवीर सिंह ने इस घटना के माध्यम से सभी नागरिकों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कूड़ा केवल निर्धारित कूड़ेदानों में ही डालें। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब सख्ती बरती जाएगी।



नारनौल। सड़क पर फेंका गया कूड़ा वापस उठवाते डीएमसी।

## युवा जेजेपी नेता नवीन राव का हृदय गति रुकने से निधन

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन राव का शुक्रवार रात को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने गांव नूनी शेखपुरा के निवासी थे। नवीन राव के मामा धर्मवीर प्रधान ने बताया कि रात को वे सामान्य रूप से भोजन करने के बाद सोए थे। सुबह जब परिजनों ने उन्हें देर तक न उठने पर जगाने की कोशिश की, तो वे अचेत अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव नूनी शेखपुरा में किया गया, जहां भारी भीड़ ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय सचिव रवींद्र सागवान, जिला प्रधान राजकुमार खातोद, युवा जिला प्रभारी विष्णु डाबर, जिला कार्यालय सचिव वीरेंद्र घाटाशेर, हल्का प्रधान सुरेंद्र पटीकरा, जिला प्रवक्ता विजय छिल्लरो, नगर पार्षद संदीप भाखर, विजयपाल अधिवक्ता, सत्तू खटीक सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### बीजेआरडी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**महेंद्रगढ़।** बीजेआरडी स्कूल में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय प्राचार्य सुरेश सैनी ने बताया कि हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विद्यालय डायरेक्टर राजपाल यादव और चेयरपर्सन शीला यादव रहीं। छात्राओं द्वारा हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत गानों पर नृत्य पेश किया गया। विद्यालय संस्थापक रमेश यादव ने कहा कि हरियाणा राज्य बनने के बाद नई बुलंदियों को छू रहा है। यहां की संस्कृति की भारत में अलग ही पहचान है। यहां की पावन धरा की विदेशों में भी पहचान है।

# जनता के कष्ट का निवारण नहीं होने पर डीसी को आया गुस्सा, एसई को बोले-वाट नॉनसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल

शहर में कई माह से सीवरेज व्यवस्था बदहाल है। शायद ही ऐसा कोई वार्ड हो जहां सीवरेज समस्या न हो। हरिभूमि लगातार इस समस्या को उठा रहा है। अब इसी समस्या की गूंज शुक्रवार को कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनाई दी। बैठक में मौजूद अधिकांश लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। जब ढाणी किरारोद में बरसाती पानी निकासी नहीं होने का सवाल वहां मौजूद सुरेंद्र सैनी एडवोकेट ने उठाया तो डीसी ने जवाब दिया कि यह मामला उनकी नॉलेज में है। इसके लिए डीआरओ को भेजा था। समस्या सही मिलने पर जनस्वास्थ्य विभाग को निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। डीसी ने हैरानी जताते हुए कहा कि अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं होना वाकिए गलत है। इस पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसई ने जवाब दिया कि उनकी नॉलेज में यह मामला ही नहीं है। इस पर डीसी को गुस्सा आ गया और बोले...वाट नॉनसेंस। मामले से अवगत करवाने के बाद भी आपको नहीं पता। फिर मामला गर्माया गया। यह देख रहे सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने डीसी को निर्देश दिए कि अधिकारियों को लिखित में नोटिस देकर एक माह में जवाब मांगे। अगर आप अधिकारियों के जवाब से संतुष्ट नहीं होते है तो इन्हें सीधा सस्पेंड करें। ढाणी किरारोद निवासी एडवोकेट सुरेंद्र सैनी ने कहा कि उनके गांव में दो माह से करीब 200 एकड़ में बारिश का पानी खड़ा है।

**खास बातें**

- कष्ट निवारण समिति की बैठक में करारोद में जल निकासी का मुद्दा आया, समाधान के निर्देश देने के बावजूद काम न होने पर भड़के अधिकारी
- शहर में बदहाल सीवरेज व्यवस्था का मामला गूंजा

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में उठे मुद्दे

### मंत्री डॉ. अरविंद ने दिए कार्रवाई करने के निर्देश

बैठक में सबसे अधिक शिकायतें जनस्वास्थ्य विभाग से थी। वहीं, नगर परिषद की कार्यशैली पर भी आमजन की ओर से सवाल उठाए गए। लोगों ने कहा कि अधिकारी उनके फोन तक नहीं उठाते। सहकारिता मंत्री ने डीसी से कहा कि इन सभी विभागों के अधिकारियों को लिखित में नोटिस देकर जवाब मांगे जाएं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर टेलीफोन नहीं उठाओंगे, अगली मीटिंग में किसी ने शिकायत की तो एक्शन लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अगर फोन नहीं उठाओंगे तो जनता क्या करेगी। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह न्याय की सरकार है। एक-एक नागरिक को संभालने वाले हम हैं। आप फोन नहीं उठाते, तो कैसे चलेगा।



नारनौल। शिकायतकर्ता की बात सुनते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## ढोसी हिल्स को विकसित करेंगे : अरविंद शर्मा

**नारनौल।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन स्टेट वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' विजन के तहत प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाना है। हरियाणा प्रदेश के लिए ढोसी की पहाड़ी और नारनौल को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर लाने का प्रस्ताव रखा है। अरविंद शर्मा शुक्रवार जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ढोसी के रोपवे का काम जल्द शुरू हो जाएगा। यह देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ढोसी की पहाड़ी पर प्रस्तावित रोपवे परियोजना की प्रगति की समीक्षा भी की थी। अधिकारियों को इस कार्य को जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का लक्ष्य ढोसी पहाड़ी को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल में बदलना है। नारनौल शहर में सीवरेज की शिकायत के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले शहरी क्षेत्र में सीवर व पेयजल की लाइनें योजनाबद्ध तरीके से नहीं डाली गई। इसी कारण यह समस्या आ रही है।

## जिले में 131 हाईटेंशन लाइन की जाएंगी शिफ्ट : डॉ. शर्मा

**नारनौल।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर लघु सचिवालय के पार्क में स्थित वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कष्ट निवारण समिति की बैठक में वे शामिल हुए। बैठक में पहले से ही निर्धारित 11 मामलों की सुनवाई की गई। इसके अलावा 35 अन्य मामले भी सुनवाई के लिए रखे गए। इस अवसर पर बिजली की हाईटेंशन लाइनों के संबंध में आई शिकायत पर मंत्री ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में 131 हाईटेंशन लाइनों को घरों के ऊपर से हटाया जाएगा। इसका टेंडर हो चुका है जल्द कार्य शुरू होगा। इससे पहले अब तक जिला में 41 ऐसी लाइनें बिजली निगम द्वारा हटाई जा चुकी है। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंत्री का आगमन पर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक मंजू चौधरी, बीजेपी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जिला परिषद अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया

# हजारों नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ मिलकर लगाई एकता की दौड़

### राष्ट्र के प्रति पटेल की अटूट प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत : कंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौल

महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि देश की एकता के सूत्रधार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र के प्रति उनके दृष्टिकोण और अटूट प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। विधायक शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर नारनौल के आईटीआई मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि ने नागरिकों को एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद देशभक्ति के जयकारों के साथ रन फॉर यूनिटी यानी एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसका नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में समापन हुआ। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार भी मौजूद थे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार कर रहा है। वहीं सीएम नायब सिंह सैनी भी राज्य में एकता, सद्भाव और चौतरफा विकास के प्रति समर्पित हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, भाजपा के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, वासुदेव यादव तथा कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे।



नारनौल। नागरिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते विधायक कंवर सिंह यादव।

### पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी



**महेंद्रगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर लघु सचिवालय से रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ और नशा मुक्ति जागरुकता रैली आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन राजकीय हिंदी अध्यापक संघ जिला अध्यक्ष एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी उपमंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली के संयोजन में किया गया। यह आयोजन जिला उपायुक्त, एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी के दिशा-निर्देशानुसार शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यातिथि सिटी थाना प्रभारी पवन कुमार, सदर थाना एसएचओ संदीप कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। यह रैली लघु सचिवालय महेंद्रगढ़ से प्रारंभ होकर गर्ल्स कॉलेज रोड, महायचान चौक, महाराणा प्रताप चौक, सतनाली चौक होते हुए राव तुलाराम चौक पर समाप्त हुई। इस सफल आयोजन में बाबा रामफल दास फिजिकल एकेडमी नरसी के कोच गुर्जर, ओजस भारत एवं डिफेंस एकेडमी सूरत गुर्जर के कोच बलाना तथा हरियाणा लायंस डिफेंस एकेडमी के संजय घोड़ा एवं डब्बू गुर्जर का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों ने एकता, देशभक्ति और नशामुक्त समाज का संदेश देते हुए रैली को जन-जन तक पहुंचाया।



नारनौल। 73 वर्षीय संतरा देवी को सम्मानित करते विधायक कंवर सिंह यादव।

### विधायक व डीसी-एसपी ने भी लगाई एकता की दौड़

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने भी लगभग 3 किलोमीटर इस रूट पर नागरिकों के साथ दौड़ लगाई। उनके साथ इस दौड़ में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, नगराधीश डॉ मंगलसेन, डीएसपी सुरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव, जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू तथा माई भारत के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव सहित तमाम अधिकारियों ने भी इस दौड़ में शामिल होकर युवाओं को एकता का संदेश दिया।

### 73 साल की संतरा देवी ने दौड़ लगाकर किया जागरूक

**नारनौल।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नारनौल के सेक्टर निवासी 73 वर्षीय संतरा देवी आज सबके लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। अपनी उम्र को महज एक आंकड़ा साबित करते हुए संतरा देवी ने लगभग तीन किलोमीटर तक लगातार दौड़ लगाकर उपस्थित जनसमूह और आज की युवा पीढ़ी को एक अविस्मरणीय और प्रेरणादायक संदेश दिया। उनकी असाधारण उपलब्धि और जीवटता को देखते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव ने संतरा देवी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भव्य सम्मान किया।

### अखंड भारत के शिल्पकार थे सरदार पटेल : जैन

**नारनौल।** मोहल्ला इंद्रा कॉलोनी स्थित स्लम एरिया टेलेंट के प्रांगण में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ता शिव मित्तल ने बताया कि उपस्थित लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला आईटी सदस्य सुरेन्द्र जैन ने कहा कि देश अपने सरदार पटेल को उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौमयता, सहजता,और सहृदय से भारतीयों के मन में जगह बनाई।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा कमाने के लालच में गंवाए 10.61 लाख रुपये

**नारनौल।** शहर के नजदीक गांव कोरियावास निवासी एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा कमाने के लालच में 10 लाख 61 हजार 736 रुपये की ठगी हो गई। शातिर ठगों ने व्हाट्सएप कॉल, फर्जी ग्रुप के माध्यम से पहले भरोसा जीता और फिर धीरे-धीरे लाखों रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेशे से ड्राइवर पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को उसे एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम नैना भाटिया बताया और कहा कि वह ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए अधिक मुनाफा कमाने का मौका दिला सकती है। इसके बाद सुरेंद्र को एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां सदस्य ट्रेडिंग से हुई कथित कमाई के स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे। इन स्क्रीनशॉट्स को देखकर सुरेंद्र को भरोसा हो गया और उसने भी नैना के बताए अनुसार विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने शुरू कर दिए। उसने कुल 10 लख 61 हजार 736 रुपये अलग-अलग खातों में भेज दिए। जब उसने कुछ समय बाद अपने पैसे वापस निकालने की कोशिश की तो उसे बताया गया कि वह रकम केवल तीन महीने बाद ही निकाली जा सकेगी। तीन महीने बाद जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की, तो नैना ने उससे कहा कि पहले उसे अपनी कुल इन्वेस्टमेंट का 20 प्रतिशत लाभ कंपनी को देना होगा, तब ही निकासी संभव है। सुरेंद्र ने यह राशि भी दे दी, लेकिन फिर भी रकम नहीं मिली।

## न्यूज डायरी



नांगल चौधरी। विजेता युवाओं को सम्मानित करते एसडीएम।

### युवाओं को संगठित रहने की मिलेगी प्रेरणा

**नांगल चौधरी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के अवतरण दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई नांगल चौधरी के एसडीएम उदय सिंह ने की, जिसमें युवा व कर्मचारियों ने राव तुलाराम चौक से शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज तक दौड़ लगाई। उन्होंने कहा कि उनकी जीवनी से युवाओं को राष्ट्रसेवा और एकजुटता की प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद युवाओं को संगठित राष्ट्र के निर्माण योगदान देने की शपथ दिलाई गई। दौड़ में श्रीराम सीनियर सकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी विजेता रहे हैं। जिन्हें शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम उदय सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, रमेश तंवर, पूर्णचंद गोठड़ी, प्राचार्य डॉ अनिल यादव, बीडीपीओ इशान शर्मा, बीइओ सुनीता यादव, नपा चेयरपर्सन के प्रतिनिधि रमेश सैनी, वाइस चेयरमैन मुकेश शर्मा, पंचायत समिति के चेयरमैन कर्मपाल यादव आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस विद्यालय में मनाई सरदार पटेल की जयंती

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एकता, अखंडता, और समर्पण के संदेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक जागरूकता रैली भी निकाली, जिसमें विद्यार्थियों और सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर गांव खातोद सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरदार पटेल के योगदान को याद करना और उनके राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने के प्रयासों को आत्मसात करना था। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सदर थाना प्रभारी संदीप कुमार रहे, जबकि उज्ज्वल कुमार और विकास कुमार भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राव सुल्तान सिंह स्कूल में सरदार पटेल जयंती मनाई

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में पटेल जयंती का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव और प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से सरदार पटेल की फोटो पर फूल मालाएं चढ़ाई। इस मौके पर चेयरपर्सन सुषमा यादव, उप प्राचार्य रामकुमार, किड्स हैड स्नेहलता, कर्णसिंह निम्बल व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। राव सुल्तान सिंह मेमोरियल किड्स प्ले स्कूल में हरियाणा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने हरियाणा के लोकगीतों पर नृत्य किया और हरियाणा की संस्कृति को प्रदर्शित किया। इसके बाद, बच्चों ने हरियाणा के इतिहास और विकास के बारे में जानकारी प्राप्त की।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### बीएनडी स्कूल में सरदार पटेल को किया याद

**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती एवं हरियाणा दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में विशेष सभा का आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और हरियाणा राज्य के गौरवशाली इतिहास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य हनुमंत शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय से देश को एकता के सूत्र में बांधा।



महेंद्रगढ़। एकता यात्रा को हरी झंडी दिखाते समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा।

### हकेंवि में राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकाली एकता यात्रा

**महेंद्रगढ़।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एकता यात्रा एवं शपथ समारोह आयोजित किया गया। विवि कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में अपनी सफलता के साथ-साथ समाज व राष्ट्र की सेवा की भावना जरूरी है, तभी सरदार पटेल के सपनों का भारत बन सकेगा। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल शिक्षक, कर्मचारियों व अधिकारियों को समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की उपस्थिति में देश की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को एकता यात्रा के महत्त्व से अवगत कराते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में एनसीसी की ओर से प्रो. रमेश कुमार, प्रो. पायल कंवर चंदेल, नरेश कुमार व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. युधवीर तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता की ओर से उप छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. नीरज कर्ण ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### रेजांगला शहादत माटी का कलश किया ग्रहण

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा यादव महासभा के सदस्यों ने राजस्थान यादव महासभा के सदस्य से गांव बिरनवास, जिला अलवर, हरियाणा-राजस्थान सीमा पर रेजांगला शहादत माटी कलश ग्रहण किया। यह यात्रा रेवाड़ी से हरियाणा की यात्रा शुरू होगी। राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश संयोजक रमेश राव पायलट ने कहा कि यह यात्रा हरियाणा में प्रवेश करने के उपरांत एक नवंबर को रेवाड़ी में एक विशाल कार्यक्रम के उपरांत एक विशाल कलश यात्रा जुलूस निकाला जाएगा। दो नवंबर को महेंद्रगढ़ में राव तुलाराम चौक स्थित पाल पैलेस पर एक विशाल शहीद नमन सभा के साथ महेंद्रगढ़ क्षेत्र की रेजांगला बैटल की 11 युद्ध वीरांगनाएं एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत एक विशाल कलश यात्रा का जुलूस अमर शहीद राव तुलाराम को नमन कर वहां से शुरू किया जाएगा और वह बालाजी चौक, सब्जी मंडी, परशुराम चौक, मसानी चौक, गौशाला रोड होते हुए रेजांगला चौक (माजरा चुंगी) पर तक जाएगा। इस मौके पर हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय महिला कार्यकारी अध्यक्ष पुष्पा शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश संयोजक कलश यात्रा रमेश राव पायलट, मुख्य महासचिव बलवान फौजी, पवन यादव, सूबेदार मंजीत सिंह, टिंकू यादव, पार्षद दिनेश यादव, भूपेंद्र यादव ने प्रदेश यात्रा संयोजक मदन यादव व भरत यादव से कलश ग्रहण किया।



### यदुवंशी कॉलेज ने जीती जिला स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** राजकीय कॉलेज नारनौल में आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में यदुवंशी डिग्री कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले के विभिन्न कॉलेजों से कुल 19 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से यदुवंशी डिग्री कॉलेज की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की विजेता टीम में प्रीति पुत्री सुरेश कुमार मैथ ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर, रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर से खुशी पुत्री कृष्ण कुमार, जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर से मोनिका पुत्री राजवीर ने भाग लिया। इस टीम ने अपने ज्ञान, तर्क शक्ति और तत्परता के बल पर कठिन प्रश्नों का सटीक उत्तर देकर निर्णायकों को प्रभावित किया तथा प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने साबित किया है कि मेहनत लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। यह उपलब्धि न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यदुवंशी कॉलेज की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेंगी।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए 70 मॉडल

- एसडी स्कूल में हुआ प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

एसडी विद्यालय ककराला में विज्ञान शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के 70 मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। तैयार किए गए मॉडल जिसमें जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर आधारित थे। जो विद्यार्थियों की रचनात्मकता का द्योतक है। मॉडल्स का अवलोकन विद्यालय की कोर्डिनेटर स्नेहलता, प्रियंका एवं बिंदु द्वारा किया गया। जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश, विद्यालय समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, ईश्वर सिंह, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।



कनीना। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य।

## कनीना में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

# देश की एकता में इंदिरा व पटेल का अहम योगदान

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कनीना

देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। महेंद्रगढ़ रोड स्थित आरएस वाटिका में आयोजित इस जिला स्तरीय समारोह में कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह यादव, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, जिला अध्यक्ष सतबीर झूकिया सहित पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि 31 अक्टूबर भारतीय इतिहास का अद्वितीय संगम है। इस दिन देश की दो महान विभूतियों को याद किया जाता है। इंदिरा गांधीजी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठे हैं। इंदिरा गांधी ने सिखाया था कि संकट कितना भी बड़ा क्यों न हो, राष्ट्रहित और सेवा का मार्ग ही सच्चा मार्ग है। पटेल ने कहा था कि मनुष्य तभी शक्ति बन सकता है जब वह एकता में संगठित हो जाए। उन्होंने दोनों महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति और 'गरीबी हटाओ' जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने देश दिशा बदल दी थी। इस मौके पर कृष्ण प्रकाश यादव, सुमेर सिंह, संदीप यादव, अनिल कुमार, कृष्ण सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कनीना। पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह।

### भाजपा सरकार से जनता हुई परेशान

*राव नरेंद्र सिंह ने इस समारोह के बाद अनिता यादव के निवास पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि भाजपा सरकार से जनता तंग आ चुकी है। इस सरकार ने चुनाव के समय प्रदेश की करीब 88 लाख महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह भत्ता प्रदान करने की घोषणा की थी। जिस पर सरकार की ओर एक लाख रुपये सालाना आमदनी की शर्त सहित दो परिवारों के आधार कार्ड अपलोड करने जैसी औपचारिकताएं जोड़ दी गई हैं। जिससे सरकार की नियत में खोट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आनलाईन डाटा के हिसाब से प्रत्येक बीपीएल परिवार की महिला को इसका लाभ दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार पेपरलेस रजिस्ट्री शुरू कर रही है। जिसके अभी से दुष्परिणाम सामने आने शुरू हो गए हैं।*

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय एकता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेल ने राष्ट्रीय एकता व अटूट भारत बनाने में योगदान दिया। उप प्रधानाचार्य जीवन कुमार जिंदल ने बताया कि किस प्रकार सरदार पटेल ने सभी रियासतों को एक किया। कार्यक्रम में मंच संचालन अनुदेशक नीरज यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, मेजर वीरेंद्र सेकवाल, जगदीश, अमित, राजेश, सुदर्शन, निशा सैनी आदि मौजूद रहे।